हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

साइबर थाना दिनांक 10.09.2024

- **थाना साईबर क्राईम पुलिस टीम ने क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी धोखाधड़ी से प्राप्त कर बैंक का अधिकारी बनकर कॉल करके भोले-भाले लोगों के बैंक खातों से धनराशि की निकासी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 02 मोबाइल फोन, 03 रशीदें व नकदी बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण थाने के मु0अ0सं0 18/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि में फरार/वांछित चल रहे थे।**

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय साईबर थाना टीम द्वारा थाने के मु0अ0सं0 18/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 03 मोबाइल फोन, 03 फर्जी रशीदें व नकदी बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना साईबर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थानः- हनुमान मन्दिर के पास संगम विहार कॉलोनी, दिल्ली, *दिनांक-* 10.09.2024।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. नीलेश तिवारी पुत्र चंद्रशेखर तिवारी निवासी ग्राम राम गरियापुर थाना गंगाह जनपद गोरखपुर हालपता k1- 18/168 निकट हनुमान मंदिर थाना संगम विहार जिनपद दक्षिणी दिल्ली।
2. अनस खान पुत्र कलीख अहमद निवासी म0नं0 2145 गली नं0 16- H BLOCK थाना संगम बिहार जनपद दक्षिण दिल्ली।
3. मिसबान पुत्र इरशाद निवासी उदयपुर नरौली थाना गढी जनपद मुरादाबाद हाल पता गली नं0 16 म0नं0 2147 BLOCK –H थाना संगम बिहार जनपद दक्षिण दिल्ली।

अपराध करने का तरीका:-

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि हम तीनो मिलकर लोगों के CREDIT CARD की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर अपनी पहचान छिपाकर बैंक के अधिकारी बनकर कॉल करते हैं फिर हम लोग, लोगों को REWARD POINT CASH REFUND PLAN के लिये अपनी बातों में फंसाकर उनसे जन्मतिथि व ओटीपी की जानकारी करके उनके CREDIT CARD से हम लोग NOBROKER व PHONE PAY की WEBSITE व APP पर FAKE ACCOUNT बनाकर रेंट पेमेंट की REQUEST के माध्यम से अलग अलग बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कर निकाल लेते हैं धोखाधडी से निकाली गयी धनराशि हम लोग आपस में बांट लेते हैं।

बरामदगी का विवरण-

1. 03 मोबाईल फोन।
2. 03 फर्जी रशीदें।
3. 700/- रुपये नकदी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. निरीक्षक श्री ऋषिपाल सिंह थाना साईबर क्राईम जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री विनीत मलिक थाना साईबर क्राईम जनपद हापुड।
3. है0कां0 647 सुनील कुमार थाना साईबर क्राईम जनपद हापुड।
4. है0कां0 770 तनुज कुमार थाना साईबर क्राईम जनपद हापुड।
5. कां0 796 सचिन कुमार थाना साईबर क्राईम जनपद हापुड।